लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 28 मई 2025
वर्ष 6, अंक 187, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

**PAGE NO 6 : MIDDLE**

# एसआरएमएस में व्याख्यान नई नीतियों पर रखे विचार

**बरेली, अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के एनबीए एक्रिडेटेड एमबीए पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए मंगलवार को अतिथि व्याख्यान का आयोजन हुआ। आपरेशंस मैनेजमेंट पर नोएडा की आपरेशंस केयजन इंक कंपनी के इंडिया हेड एवं वाइस प्रेसीडेंट देवयान भट्टाचार्य ने व्याख्यान दिया।

एचओडी फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट साइंस डॉ. अनुज कुमार ने देवयान भट्टाचार्य का स्वागत किया। एलुमनस एसआरएमएस सीईटी- बीटेक (1998-02) के विद्यार्थी रहे देवयान भट्टाचार्य के बारे में संक्षिप्त विवरण दिया गया। देवयान ने एमबीए प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के छात्र -छात्राओं को आपरेशंस मैनेजमेंट विषय पर ग्लोबल स्तर पर इंडस्ट्री की ओर से वर्तमान में अपनाई जा रहीं नीतियों एवं तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। व्याख्यान एमबीए सेमीनार हाल में हुआ। आयोजन में शिक्षकों का योगदान रहा। डॉ. अनुज कुमार ने आभार व्यक्त किय।



व्याख्यान देते वक्ता।